प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 13.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 13.01.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






## "मिशन शक्ति फेज-5.0" के तहत महोबा पुलिस की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक-

प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे "मिशन शक्ति फेज- 05" के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 13.01.2025 महोबा पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 13.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## साइबर क्राइम पुलिस थाना, जनपद महोबा द्वारा ऑनलाइन ठगी के शिकार 21 पीड़ितों के कुल 9,42,402/- रुपये खाते में वापस कराये गये।

आये दिन साइबर अपराधियों द्वारा आम जनता को भ्रमित कर उनसे उनके बैंक खाते एवं क्रेडिट कार्ड आदि से जुडी गोपनीय जानकारी अर्जित कर यूपीआई व अन्य के माध्यम से साइबर फ्रॉड/धोखाधडी की जा रही है।

उक्त के संदर्भ मे पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक कुमार दुबे के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी साइबर क्राइम पुलिस थाना निरीक्षक मो0 फहीम अख्तर के नेतृत्व में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु जनपदीय साइबर क्राइम पुलिस टीम महोबा द्वारा निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम मे पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल को आवेदकों ने अपने साथ हुयी धोखाधडी के संदर्भ मे प्रार्थना पत्र दिया था, जिसके क्रम मे साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा प्रार्थना पत्रों की जाँच की गयी, जाँच के दौरान पाया गया कि अज्ञात साइबर अपराधी द्वारा आवेदकों के साथ सस्ता लोन दिलाने को लेकर, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाने, कार्ड एक्सपायर होने का डर दिखाकर वादी से एप्प को डाउनलोड़ करवाया गया तथा ओटीपी प्राप्त कर साइबर फ्रॉड के माध्यम से 9,42,402/- रुपये की ठगी कर ली गयी थी। आवेदकों के साथ हुयी साइबर ठगी में खाते से निकाली गयी धनराशि को वापस कराने हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुये पेमेण्ट गेटवे/सम्बन्धित बैंक के साथ समन्वय स्थापित कर पीडितों की सम्पूर्ण धनराशि 9,42,402/- रुपये वापस करायी गयी, पीडितों द्वारा अपनी धनराशि प्राप्त होने पर खुशी जाहिर की गयी।

### धनराशि वापस कराने वाली साइबर क्राइम टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक मो0 फहीम अख्तर, साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद महोबा
2. उ0नि0 भूपेन्द्र सिंह, 3.का0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह, 4. कां0 सुरजीत कुमार
5. कां0 अमनदीप सिंह, 6.कां0 संदीप यादव, 7. कां0 अखिलेश कुमार।

**वापस करायी गयी धनराशि का विवरण-** 1.सनोज गुप्ता नि0 पुलिस लाइन महोबा(4970), 2.राम कुमार पुत्र सीताराम नि0 बजरंग कॉलोनी श्रीनगर महोबा(40000), 3.उज्ज्वल कुमार पुत्र अमर सिंह नि0 चरखारी महोबा(10000), 4.अशोक कुमार तिवारी नि0 सुभाष नगर महोबा(20000), 5.नरसिंह पुत्र गजराज नि0 करहराखुर्द थाना चरखारी महोबा(40000), 6.अमित कुमार तिवारी नि0 ग्राम परथनिया थाना खरेला महोबा(70000) 7.नरेन्द्र सिंह पुत्र वृंदावन नि0 किशोरगंज, कुलपहाड महोबा(10000), 8.महेश कुमार सोनी नि0 गाँधीनगर महोबा(2700), 9.गंगाचरण पुत्र प्रहलाद नि0 ग्राम सतारी थाना कुलपहाड महोबा(33000), 10विपेन्द्र कुमार पुत्र राकेश नि0 ग्राम अकठौहा थाना चरखारी महोबा(98000), 11.अनुराग शुक्ला नि0 सूपा थाना चरखारी महोबा(30000), 12.सत्यम पुत्र जागेश्वर नि0 ग्राम मझलवारा थाना कोतवाली महोबा(24400), 13.मैथिलीशरण पासवान पुत्र देशराज नि0 कुलपहाड महोबा(10000), 14.ताराचंद्र गुप्ता पुत्र कालका प्रसाद नि0 मलकपुरा थाना कोतवाली महोबा(80000), 15.राज पुत्र रामस्वरूप नि0 काजीपुरा महोबा(12500), 16.महेन्द्र कुमार नि0 तलिता भवन के पीछे महोबा(296400), 17.दिपन्ती पाण्डेय पुत्री हरिकिशोर नि0 चरखारी(10000), 18.विष्णु प्रसाद दुबे नि0 आल्हा चौक के पास गांधीनगर महोबा(13466), 19.राम गोपाल नि0 दुलारा थाना महोबकंठ महोबा(39966), 20.डॉ0 दयाशंकर पुत्र कालीचरन नि0 परमानन्द चौराहा महोबा(40000), 21.मो0 आफताब पुत्र मो0 रफीक नि0 मु0 भटीपुरा महोबा(57000)।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 13.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 13.01.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।



# महोबा पुलिस



## जनपदीय एसओजी एवं थाना पनवाड़ी की संयुक्त पुलिस टीम ने ट्रैक्टर चोरी की घटना का किया सफल अनावरण, ट्रैक्टर चोरी करने वाले 03 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के 02 ट्रैक्टरों की बरामदगी की गयी है-

वर्ष 2024 के सितम्बर माह में थाना पनवाड़ी क्षेत्र ग्राम महुआ निवासी रंजीत ने थाना हाजा पर लिखित तहरीर प्रस्तुत की जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि 03 अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनका ट्रैक्टर पनवाड़ी से महोबा भाडे के लिए मय चालक लिया गया, इस दौरान अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चालक को शराब पिलाकर उसके नशे में होने व बेहोश हो जाने पर वादी का ट्रैक्टर चोरी कर ले गये।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा उक्त ट्रैक्टर चोरी की घटना का संज्ञान लिया गया जिसके क्रम में जनपद महोबा में चोरी की घटनाओं में प्रभावी रोक लगाए जाने व इन घटनाओं में सम्मिलित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय एसओजी एवं थाना पनवाड़ी की संयुक्त पुलिस टीमों को लगाया गया, टीमों द्वारा निरन्तर सघन चेकिंग अभियान चलाये जाने के फलस्वरुप आज दिनांक- 13.01.2025 को चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के नकरा बार्डर पर 03 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.सावधान सिह उर्फ छोटे पुत्र रामकिसुन उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम खजुर्रा थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात 2.दारा सिंह उर्फ पिन्टू पुत्र बडेलाल उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम रामगढ थाना दिबियापुर जनपद औरैया 3.अम्बरीस उर्फ बल्लू उर्फ बलराम पुत्र शेषनारायन उम्र करीब 35 बर्ष निवासी ग्राम खजुर्रा थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात को हिरासत में लिया गया, इनकी कार्यशैली संदिग्ध प्रतीत होने पर इनसे कडाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने अपने पास चोरी के 02 अदद ट्रैक्टर क्रमशः 1.UP91P3125 चेचिस नं0 MBNAAACFLJRD06127, इंजन नं0 RJD2DBN5589 सम्बन्धित मु0अ0स0 233/24 धारा 123/303(2) बीएनएस बरामद हुआ। साथ ही चोरी का दूसरा ट्रैक्टर MP16AD2668, चेचिस नं0 MBNAG26AALTB67812 व इंजन नं0 331008/SBB00868 स्वराज रंग नीला बरामद किया गया, अभियुक्तों के कब्जे से हुई चोरी की सम्पत्ति की बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2)/317(4) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी, इसके अतिरिक्त गिरफ्तार अभियुक्त अम्बरीस उर्फ..... बल्लू उर्फ बलराम उपरोक्त के पास से 01 अदद मोटर साइकिल स्पेलेन्डर प्लस नं0. UP77AH4549 के कोई वैध प्रपत्र न होने के कारण मोटर साइकिल उपरोक्त को धारा 207 एमबीएक्ट मे सीज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीमः-**

**जनपदीय एसओजी टीम**–

1.उ0नि0 शिवप्रताप सिंह, प्रभारी स्वॉट टीम 2.उ0नि0 रवि कुमार सिंह, प्रभारी सर्विलांश टीम 3. कां. निर्भय सिंह 4.कां. आशीष बघेल 5.कां. रंजीत 6. कां. दीपक वर्मा 8.कां. कुलदीय यादव

**थाना पनवाड़ी पुलिस टीम**–

1. प्रभारी निरीक्षक पनवाड़ी, गुलाब त्रिपाठी
2. उ0नि0 रामकिशन यादव 3. उ0नि0 हार्दिक सिंह 4. उ0नि0 पवन गौड़
5. का0 देवेन्द्र राजपूत 6. का0 विनोद कुमार



## गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास–

**1. अभियुक्त सावधान सिह उर्फ छोटे उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0स0 233/24 धारा 123/303(2)/317(2)/317(4) बीएनएस थाना पनवाडी महोबा

**2. अभियुक्त दारा सिंह उर्फ पिन्टू उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0स0 47/17 धारा 328/379/411 भादवि थाना अजीतमल जनपद औरैया
2.मु0अ0स0 83/17 धारा 413/414 भादवि थाना अजीतमल जनपद औरैया
3.मु0अ0स0 200/17 धारा 3(1) गैगस्टर एक्ट थाना अजीतमल जनपद औरैया
4.मु0अ0स0 591/21 धारा 323/354 भादवि थाना दिबियापुर जनपद औरेया
5.मु0अ0स0 128/17 धारा 328/379/411 भादवि थाना कोतवाली कन्नौज जनपद कन्नौज
6.मु0अ0स0 668/16 धारा 120बी/328/379/411 भादवि थाना नोएडा सेक्टर 39 कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर
7.मु0अ0स0 108/17 धारा 328/379/411 भादवि थाना अकबरपुर जिला कानपुर देहात
8.मु0अ0स0187/18 धारा 120बी/307/328/394/420/467/468 IPC चौबेपुर कानपुर देहात
9. मु0अ0स0 233/24 धारा 123/303(2)/317(2)/317(4) बीएनएस थाना पनवाडी

**3. अभियुक्त अम्बरीस उर्फ बल्लू उर्फ बलराम उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0स0 83/17 धारा 413/414 भादवि थाना अजीतमल जनपद औरैया
2.मु0अ0स0 56/21 धारा 328/379/411/414/419/420/467/468/471 भादवि थाना मलिहाबाद जनपद लखनऊ
3.मु0अ0स0 469/23 धारा 428/379/411 भादवि थाना टंडियावां जनपद हरदोई
4.मु0अ0स0 515/23 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना टंडियावां जनपद हरदोई
5.मु0अ0स0 233/24 धारा 123/303(2)/317(2)/317(4) बीएनएस थाना पनवाडी महोबा

## बरामदगी, चोरी के 02 अदद ट्रैक्टर का विवरण–

1. MP16AD2668, चेचिस नं0 MBNAG26AALTB67812 व इंजन नं0 331008/SBB00868 स्वराज रंग नीला

2. UP91P3125 चेचिस नं0 MBNAAACFLJRD06127 व इंजन नं0 RJD2DBN5589 बरामद हुआ।

